स्वाइन फ्लू के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों की बैठक ली

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में स्वाइन फ्लू के बीमारी के केस बढ़ रहे हैं, उसको देखते हुए महापौर नीरज पाल ने आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव एवं नगर निगम के अधिकारियों की बैठक ली। जिसमें इस बात पर चर्चा हुई, कि हम सब लोग किस प्रकार से इस बीमारी के प्रभाव को कम कर सके। नगर निगम भिलाई क्षेत्र के जो भी पीड़ित जो भी प्रभावित मरीज मिल रहे हैं। उनको बेहतर ट्रीटमेंट मिले प्राथमिक रूप से क्या बचाव किया जाए इसके लिए भी चर्चा की गई। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर बंजारे, सर्ववीलायेन्स अधिकारी, सीएमओ दुर्ग, मलेरिया अधिकारी ने बताया गया कि एच–1, एन–1 के धनात्मक प्रकरण प्राप्त हो रहा है। इसके प्रमुख लक्षण सर्दी, खांसी, छीकना, बुखार आना, सिर दर्द, बदन दर्द, उल्टी–दस्त, थकावट हो सकती है। संक्रमण की अवधि 1–2 दिन तक हो सकती है। संक्रमण के प्रकार– संक्रमित व्यक्ति में लक्षण प्रारंभ होने के 3–5 दिवस तक अन्य व्यक्तियों को भी हो सकता है। स्वाइन फ्लू से बचावः– छीकते–खासते समय दूरी मेंटेन करें, मुंह पर रुमाल रखें, मुह पर मास्क लगाए, अनावश्यक बाहर न निकले, एक दूसरे से दूरी बनाए, पानी उबालकर पिए, हाथ को सेनीटाइज करे, हाथ साबुन से धोकर ही भोजन करें, बाहर खाने से बचे, बाहर से आए हुए व्यक्तियों से दूरी बनाए। स्वाइन फ्लू का लक्षण दिखने पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायकि स्वास्थ्य केन्द्र, सुपेला शासकीय चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय दुर्ग एवं चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में संपर्क कर सकते है। चंदूलाल चंद्राकर अस्पताल में स्वाइन फ्लू के लिए अलग से 30 बिस्तर का अलग से आइसोलेटेड वार्ड बनाया गया है एवं स्वाइन फ्लू के रोगियो के उपचार के लिए 30 बिस्तर का वार्ड भी बनाया गया है। जिला चिकित्सालय दुर्ग में भी 10 बिस्तर का अलग से वार्ड निर्धारित किया गया है, जहां पर स्वाइन फ्लू से संबंधित मरीजो का इलाज किया जा रहा है। महापौर नीरज पाल ने सभी से सहयोग की अपील की है। किसी भी प्रकार से पैनिक नहीं होना है कोरोना के समय जो प्रिकॉशन अपना रहे थे। उसी प्रकार से इसमे भी परहेज करना है। किसी भी प्रकार की बिमारी का लक्षण दिखने पर नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र एवं नगर निगम भिलाई के कन्ट्रोल रूम 0788–2294303 पर संपर्क कर सकते है।